हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026

04 लाडली बहनें बोलीं: साहब 1500 नहीं चाहिए, गांव...



09 खुलासा: पारदी गैंग ने राजगढ़ के सर्राफा बाजार में ...





## खबर संक्षेप

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का कल शिक्षक गुणवत्ता सम्मेलन

**सीहोर।** प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के आव्हान पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा डां अबेडकर जंयती मैदान भोपाल में राज्य स्तरीय सम्मलेन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से हजारों अध्यापक शामिल होंगे है। शिक्षक संघ इस सम्मेलन के माध्यम से पुरानी पेंशन, सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से गेज्युटी क्रमोन्नति वेतनमान के भुगतान ऐरियर राशि, ई - अटेंडेंट्स सहित लंबित मांगों को लेकर अपने अधिकार के लिए मध्यप्रदेश सरकार से अपनी मांगो को रखेगी। शिवनारायण गौर ने बताया कि हमारे बहुत सारे शिक्षक साथी सेवानिवृत्त हो गये है, परन्तु एनपीएस पेंशन के रूप में सिर्फ 4000 - 7000 रू की राशि दी जा रही है। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। जबकि ओपीएस पुरानी पेंशन के तहत सेवा निवृत्त शिक्षक साथियों उनके वेतन से 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित 40000-50000 की राशि दी जा रही है । हमारी मांग है कि हमारे अध्यापक साथियों के सेवानिवृत्त के बाद ओपीएस पुरानी पेंशन के अनुसार राशि दी जाए एवं अन्य मांगों को लेकर हमारा संगठन भोपाल में यह सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। जिसमें ब्लाक जिला के हजारों अध्यापक शामिल होगें। आव्हान करने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौर, राजेश राठौर, योगिता लोधी, रमेश वर्मा, निलेश राव, सतीष गौर, राजेन्द्र ठाकुर, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, राधेश्याम झलवाया, नोमन तिग्गा, छोटेलाल टेकाम, जीवन सिंह वर्मा, बलराम मेवाड़ा, राकेश कलोदिया, ओमप्रकाश गौर आदि शामिल हैं।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 1 जनवरी को दोपहर 12:45 बजे सीहोर तहसील के ग्राम खारी पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 02:15 बजे ग्राम पचामा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# आस्था और उल्लास के साथ नववर्ष 2026 का धार्मिक स्थलों पर माथा टेककर श्रद्धालु करेंगे शंखनाद

### चिंतामन गणेश और सलकनपुर धाम में उमड़ेगा प्रदेश, कुबेरेश्वर धाम पर देश भर से आएंगे श्रद्धालु

**सीहोर।** आज से अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुरुआत होने जा रही है। साल के पहले दिन जिले के धार्मिक स्थलों पर आस्था का सैलाब उमड़ेगा। प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर और विजयासन धाम सलकनपुर में प्रदेश भर से भक्त पहुंचेंगे तो वहीं कुबेरेश्वर धाम पर देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला बना हुआ है। पुलिस-प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। बता दें मुख्यालय स्थित प्राचीन गणेश मंदिर पर साल के पहले दिन प्रदेश भर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। साल के पहले दिन यहां मेला जैसा नजारा नजर आता है। नववर्ष पर भगवान श्री गणेश का विशेष श्रृंगार और महाआरती होगी।

#### विजयासन धाम सलकनपुर

विंध्य पर्वतमाला पर 800 फीट की ऊंचाई पर विराजित माता बीजासन के दरबार में शीश नवाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। भक्त सडक़ मार्ग, सीढिय़ों और रोपवे के जरिए माता के दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचेंगे।

#### कुबेरेश्वर धाम

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के इस धाम ने सीहोर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। नववर्ष के अवसर पर यहां महादेव के दर्शन और कंकड़-शंकर पूजन के लिए देशभर से हजारों श्रद्धालु डेरा डाले हुए हैं।

#### हनुमान फाटक

सीवन नदी के तट पर स्थित 9 फीट ऊंची दक्षिणमुखी हनुमान प्रतिमा के दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी श्रद्धालु पहुंचेंगे। खास बात यह है कि सीहोर के बाहर से आने वाले श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम, गणेश मंदिर होते हुए हनुमान फाटक पहुंचेंगे और भगवान के दर्शन करेंगे।

**पचामा में दिखेगा गंगा-जमुनी तहजीब का नजारा :** नववर्ष के इस मौके पर ग्राम पचामा में सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिलेगी। यहां स्थित मंदिर और दरगाह दोनों ही पवित्र स्थलों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेंगे। भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत ने बुधवार को स्वयं मोर्चा संभाला।

उन्होंने कुबेरेश्वर धाम और गणेश मंदिर परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। एएसपी ने यातायात प्रभारी सूबेदार बृजमोहन धाकड़ और मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई बाधा न आए। पार्किंग स्थलों को मंदिर से उचित दूरी पर व्यवस्थित किया गया है ताकि जाम की स्थिति न बने।

#### विशेष बल की तैनाती


भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई है और मंदिर परिसरों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की भी पुख्ता व्यवस्था है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्थाओं में सहयोग करें और कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन करें।

### हाऊसिंग बोर्ड-फंदा ओवर ब्रिज का निर्माण होगा पूर्ण, शहर की दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण भी होगा पूरा

# नया साल, नया सवेराः देवी लोक और दो ओवरब्रिजों की मिलेगी सौगात, विकास को लगेंगे नए पंख

### किसानों को इस साल सिंचाई के लिए मिलने लगेगा नर्मदा का पानी, समृद्धि होंगे किसान, आएगी खुशहाली





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कैलेंडर का पन्ना बदलने के साथ ही जिला एक ऐसे स्वर्णिम युग में प्रवेश करने जा रहा है, जहां आस्था, आधुनिकता और अधोसंरचना का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। साल 2026 सीहोर के लिए केवल एक नया साल नहीं, बल्कि 'उपलब्धियों का वर्ष' होने वाला है। इस साल जिले को सलकनपुर में भव्य 'देवी लोक' जैसा धार्मिक पर्यटन केंद्र मिलेगा तो वहीं शहर को जाम से मुक्ति दिलाने वाले दो बड़े रेलवे ओवरब्रिज भी समर्पित होंगे। सिंचाई के क्षेत्र में भी नर्मदा का पानी आष्टा के खेतों की प्यास बुझाएगा।

बता दें नये साल का सबसे बड़ा आकर्षण सलकनपुर स्थित विजयासन देवी धाम में बन रहा 'देवी लोक' होगा। उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर बन रहे इस भव्य कॉरिडोर की आधारशिला 31 मई 2023 को रखी गई थी। वर्तमान में इसका लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस लोक में श्रद्धालुओं को माता के शक्ति स्वरूपों के दिव्य दर्शन होंगे। यहां 64 योगिनी प्लाजा बनाया जा रहा है, जहां माता की 64 स्वरूपों के दर्शन होंगे। साथ ही नवदुर्गा कॉरिडोर में माता के नौ रूपों की भव्य झांकियां स्थापित होंगी। यहां देश के प्रमुख 51 शक्तिपीठों के दर्शन भी एक ही स्थान पर हो सकेंगे। माना जा रहा है कि 2026 तक इसका भव्य लोकार्पण कर दिया जाएगा।

#### ट्रैफिक से मिलेगी आजादी, दो ओवरब्रिज होंगे शुरू

शहर के लिए साल 2026 'जाम मुक्त' होने का साल होगा। हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज जो लगभग 36 करोड़ की लागत से बन रहा है, अब अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इसी तरह भोपाल-इंदौर हाईवे पर स्थित फंदा रेलवे ओवरब्रिज का काम भी अंतिम चरणों में है। माना जा रहा है अप्रैल-मई तक इसके लोकार्पण के साथ ही इंदौर-भोपाल के बीच का सफर बेहद सुगम हो जाएगा।

#### शिक्षा और सिंचाई के क्षेत्र में बड़ी छलांग

जिला मुख्यालय के नजदीक शेरपुर में लॉ कॉलेज का स्वतंत्र भवन आकार ले रहा है। माना जा रहा है कि 2026 के अंत तक छात्रों को अपना नया परिसर मिल जाएगा। इसी तरह खेती के लिए भी यह साल खुशखबरी लाया है। नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना का पानी रामपुरा जलाशय तक सफलतापूर्वक टेस्टिंग के बाद पहुंच चुका है। मार्च 2026 तक आष्टा क्षेत्र के 150 से अधिक गांवों के खेतों में नर्मदा का पानी पहुंचने लगेगा। वहीं रेसई सिंचाई परियोजना का लाभ भी सीहोर विधानसभा के गांवों को साल 2026 के अंत तक मिलना शुरू हो जाएगा। इससे कृषि भूमि सिंचित होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कुल मिलाकर धार्मिक पर्यटन से लेकर शिक्षा और बुनियादी ढांचे तक साल 2026 में सीहोर जिले की तस्वीर पूरी तरह बदली हुई नजर आएगी।

#### शहर की सडक़ों का कायाकल्प

शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में मछली पुल से लुनिया चौराहा तक की सड़क ढाई करोड़ की लागत से बनकर तैयार हो रही है। वहीं कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक की स्मार्ट रोड का काम भी तेजी पर है।

इस सड़क में डिवाइडर, आधुनिक स्ट्रीट लाइट और बेहतर ड्रेनेज सिस्टम होगा। माना जा रहा है कि 2026 के अंत तक यह मार्ग पूरी तरह सुसज्जित होकर शहर की सुंदरता में चार चांद लगाएगा। इससे न केवल जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

# किराना दुकान में चोरी, शटर उचकाकर ढाई लाख का माल उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम हीरापुर में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक किराना दुकान को अपना निशाना बनाया। चोर दुकान का ताला तोडक़र अंदर घुसे और वहां रखा करीब ढाई लाख रुपये कीमत का कीमती सामान व नकदी समेटकर फरार हो गए। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलकिसगंज रोड स्थित हीरापुर जोड़ पर रूप सिंह परमार की किराना दुकान संचालित है। रूप सिंह के पिता रामचरण परमार पेशे से किसान हैं और परिवार इस दुकान के जरिए अपनी आजीविका चलाता है। मंगलवार की रात चोरों ने सूनी दुकान के शटर का ताला चटकाया और भीतर प्रवेश किया। बुधवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे, तब चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित परिवार के अनुसार इस चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

#### ड्राई फ्रूटर्स और नकदी पर हाथ साफ

चोरों ने दुकान से चुन चुनकर कीमती सामान चोरी किया है। चोरी गए माल में 50 किलो काजू-बादाम, 50 किलो सुपारी, पान मसाला और गुटखे के कई बोरे सहित बीड़ी की एक पेटी शामिल है। इसके अलावा चोर गल्ले में रखी करीब 3000 रुपये की चिल्लर, हजारों रुपये कीमत का खाद्य तेल और 10 व 20 रुपये के नोटों के रूप में रखे करीब तीन से चार हजार रुपये भी ले उड़े। पीड़ित दुकानदार के अनुसार चोरों ने ढाई लाख रुपये के माल पर हाथ साफ किया है।

**ग्रामीणों में नाराजगी :** किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने बताया कि इलाके में चोरों का गिरोह सक्रिय है। पिछले वर्ष ग्राम चंदेरी में भैंस चोरी की वारदात हुई थी, वहीं आए दिन मोटरसाइकिल चोरी के मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चोर अब इतने शातिर हो गए हैं कि वे बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे उन्हें पकडऩा पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

### मुखबिर की सूचना पर पिपलिया मीरा के खेत में पुलिस की दबिश

# खेत की रखवाली नहीं, नशे की खेप छुपाकर बैठा था आरोपी, 10 किलो से अधिक गांजा पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए नववर्ष को लेकर दिशा निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम पिपलिया मीरा में एक खेत पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है। आरोपी खेत की आड़ में गांजे की खेप छुपाकर बैठा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रंगे हाथों दबोच लिया। जब्त किए गए 10 किलो 610 ग्राम गांजे की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नववर्ष के मद्देनजर जिले भर में अवैध शराब और मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 30 दिसंबर को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि ग्राम पिपलिया मीरा-बडऩगर रोड पर चंपालाल के खेत में एक व्यक्ति अवैध गांजे के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए बताए गए स्थान पर दबिश दी। वहां एक व्यक्ति खेत में एक बोरी लिए बैठा हुआ था। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर बोरी की तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

**एक लाख से अधिक की खेप :** पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 10 किलो 610 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नशे की खेती या सप्लाई के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि यह खेप नववर्ष पर होने वाले आयोजनों में सप्लाई की जानी थी। नशे के विरुद्ध इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक चेतन चौहान, आरक्षक दीपक जाट, आरक्षक संजय शर्मा और सैनिक कमलेश की सराहनीय भूमिका रही।

# किसानों ने पूजा-पाठ कर 2026 से मांगी सुनहरी फसल की सौगात



**सीहोर।** वर्ष 2025 को विदा करते हुए और 2026 के स्वागत में क्षेत्र के ग्रामीण किसानों और महिलाओं ने एक ऐसा दृश्य रचा, जिसने पूरे अंचल को आस्था, आशा और उत्सव से भर दिया। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम उलझावन, रलावती, भोजनगर सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश, लोटा और पूजा सामग्री लेकर भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर से खेतों तक निकलीं। सिर पर कलश, हाथों में आस्था और होठों पर भगवान के नाम के साथ यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि किसानों की उम्मीदों का उत्सव बन गई।

खेतों तक पहुंचकर महिलाओं और किसानों ने गेहूं की फसल की विधिवत पूजा की। हनुमान जी, खंडेराव बाबा और श्रीराम से हाथ जोड़कर यह प्रार्थना की गई कि बीते वर्ष की सोयाबीन की बर्बादी का दुख अब समाप्त हो और 2026 किसानों के लिए खुशहाली लेकर आए।

भजन मंडली की महिलाओं कृष्णा बाई, सावित्री बाई, गायत्री बाई, शांताबाई, सीताबाई, प्रेम बाई, सरोज बाई सहित अनेक श्रद्धालु महिलाओं ने ढोलक, पेटी और झांझ के साथ भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

#### सरकार के प्रति आभार भविष्य से उम्मीदें

किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा सहित किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताते हुए कहा कि भावांतर योजना से मिली राहत और खराब सोयाबीन फसल का मुआवजा उनके लिए संजीवनी बना। इसी भावुक वातावरण में किसानों ने मांग रखी कि नए वर्ष में फसल बीमा राशि समय पर मिले, ताकि मेहनत की फसल सुरक्षित रहे। महिलाओं ने लाडली बहना योजना की राशि 3000 रुपये किए जाने की भी उम्मीद जताई और पेंशनधारक महिलाओं को नियमित भुगतान की मांग रखी।

#### गांव-गांव में खुशहाली की कामना

इस अनोखे आयोजन ने केवल नए वर्ष का स्वागत नहीं किया, बल्कि गांवों में एकजुटता और आशा का दीप जला दिया। ढोलक की थाप, शंखनाद और जयकारों के बीच खेतों में खड़े किसान और महिलाएं यह कहते नजर आए और कहा कि धरती माँ अगर मुस्कराई तो पूरा गांव मुस्कराएगा। 2026 को उन्होंने अन्न, आनंद और अमन का वर्ष बनाने की प्रार्थना की।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4345 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट प्रतिदिन जारी किया जा रहा है। बुधवार 31 दिसंबर को 4345 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

**खबर संक्षेप**



## श्रीराम चरित्र मानस सेवा संस्कार परिषद की बैठक की गई आयोजित

**सीहोर।** श्रीराम चरित्रमानस सेवा संस्कार परिषद की बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि प्रति मंगलवार को रात्रि 8:30 से 8:40 तक 10 मीनट के लिये एक समय पर एक साथ सीताराम नाम जाप करने के लिये सघन अभियान चलााय जायेगा। इस हेतु लोगों को यह भी समझाया गया कि सीताराम नाम का जाप करने के लिये अलग से समय निकालने की आवश्यकता नही है और ना ही किसी स्थान पर बैठकर किया जाना आवश्यक है। आप जहाँ भी है वहाँ रहकर अपने काम को करते-करते सीताराम नाम जाप कीजिये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ.बलवीर तोमर, राकेश सुराना, मेघा परमार, सन्तोष गुप्ता, निशांत वर्मा, कपिल उपाध्याय, ऊषा चौहान, दशरथ मेवाड़ा, अरविंद ठाकुर, रामनारायण शर्मा, मांगीलाल सोलंकी, शरद जोशी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) के निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नाम वापसी उपरांत जिले में सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों के निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों को प्ररूप-24 में निर्विरोध निर्वाचन सह घोषणा प्रमाण पत्र की प्रतियां आयोग द्वारा निर्धारित ऑनलाईन एप्लिकेशन IEMS से जनरेट कर रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रदान किए गये है। सीहोर जिले के जिन अभ्यर्थियों को निर्विरोध निर्वाचन घोषण सह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं उनमें ग्राम पंचायत लसूड़िया विजयसिंह से सरंपच पद के लिए अकीला, ग्राम पंचायत जताखेड़ा के वार्ड क्रमांक 3 से पंच के लिए चंदर, ग्राम पंचायत डूका के वार्ड क्रमांक 10 से पंच के लिए बापूसिंह, ग्राम पंचायत झरखेड़ी के वार्ड क्रमांक 17 से पंच के लिए राजेश कुमार, ग्राम पंचायत भोजनगर के वार्ड क्रमांक 17 से पंच के लिए इंदरसिंह, ग्राम पंचायत धबोटी के वार्ड क्रमांक 11 से पंच के लिए सुलोचना और ग्राम पंचायत बोरदीकलां के वार्ड क्रमांक 4 से पंच के लिए बबीता शामिल हैं।

## जड़ माहू कीट से बचाव के लिए सलाह

**सीहोर।** जिले में गेहूं की बुआई सर्वाधिक क्षेत्र में बोई जाती है। वर्तमान में गेहूं की फसल में कीटव्याधी की समस्या देखनों को मिल रही है। इसको दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने ग्रामों एवं क्षेत्रों का भ्रमण कर गेहूं की फसलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को शीघ्र बोई गई गेहूं की फसल में जड़ माहू कीट की समस्या कहीं-कहीं दिखाई दी है।

### थाने पर सैकड़ों महिलाओं का प्रदर्शन, अवैध शराब के खिलाफ फूटा आक्रोश, शासन और प्रशासन से उठाई अपनी मांग

# लाड़ली बहनें बोलीं: साहब 1500 नहीं चाहिए, गांव शराब मुक्त करवा दो, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### 'मामा' के जिले में भी अनसुनी, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा में प्रशासन से लाड़ली बहने बोली "1500 रुपये नहीं चाहिए, गांव शराबमुक्त चाहिए"—इस बुलंद नारे के साथ सोमवार को ग्राम पंचायत छिदगांव काछी की सैकड़ों लाड़ली बहनें भैरुंदा थाना और तहसील कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

यह विरोध ऐसे क्षेत्र में हुआ है, जिसे महिलाओं के "मामा" कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला और संसदीय क्षेत्र माना जाता है। इसके बावजूद बुधनी विधानसभा अंतर्गत भैरुंदा तहसील के गांव-गांव में अवैध देशी और कच्ची शराब की खुलेआम बिक्री से महिलाओं में गहरा आक्रोश है।





### एक दर्जन गांवों की महिलाओं ने सौंपे ज्ञापन

तहसील भैरुंदा की लाचोर, पांचोंर, गिल्लौर, मानासा, सेमलपानी, निमोटा, बाईबॉडी, हमीफगंज, नयागांव, इटावा कला, इटारसी, राला, तिलाडिया, अकावलिया और चींटीखेड़ा सहित कई गांवों की महिलाओं ने बताया कि वे इससे पहले भी एसडीएम, तहसीलदार और गोपालपुर व भैरुंदा थाना प्रभारी को ज्ञापन दे चुकी हैं। थाना परिसर में धरना देकर शराबबंदी की मांग भी की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला, ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### नर्मदा तट से गांवों तक फैला अवैध कारोबार

महिलाओं का आरोप है कि नर्मदा तट से लगे गांवों में नदी किनारे खुलेआम कच्ची शराब बनाई व देशी शराब बेची जा रही है। इससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है, युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं और झगड़े, मारपीट व घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। इसका सीधा असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है।

### लाड़ली बहनें 1500 रुपए छोड़ने को भी तैयार

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने दो टूक कहा कि यदि गांवों को शराबमुक्त कराने के लिए जरूरत पड़ी तो वे लाड़ली बहना योजना की 1500 रुपये की सहायता राशि भी छोड़ने को तैयार हैं। महिलाओं का कहना था कि पैसों से ज्यादा जरूरी बच्चों का भविष्य, परिवार की शांति और गांवों का सुरक्षित माहौल है।

### बच्चों की पढ़ाई और रोजी-रोटी पर मार

महिलाओं ने बताया कि मजदूरी और खेती से होने वाली आय शराब में बह रही है। बच्चे पढ़ाई से दूर हो रहे हैं, परिवार आर्थिक तंगी में फंस रहे हैं और अपराध व असामाजिक गतिविधियों का खतरा बढ़ रहा है।

### विधायक के क्षेत्र में भी सवाल

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र के विधायक रमाकांत भार्गव होने के बावजूद अवैध शराब पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा। इससे साफ है कि शराब माफिया प्रशासनिक कार्रवाई से बेखौफ हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई और नियमित छापेमारी नहीं हुई तो शराब की सप्लाई गाड़ी गांव के अन्दर नहीं आने देंगे, साथ ही विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## फाइनल में पहुंची सीहोर बाइज और सीहोर क्लब



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लीग मैच का मंगलवार को अंतिम चरण था। जिसमें सीहोर बाइज ने एमजी क्लब को हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। आज दो मैच खेले गए थे।

मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी के स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में मंगलवार को छठवे दिन पहला मैच सीहोर बाइज-एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर वॉइज 2-0 से विजय रही सीहोर बाइज की तरफ से युवराज ने एक गोल किया आदित्य ने एक गोल किया दूसरा मैच सीहोर क्लब-सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 1-0 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों का अंतिम दिन था, प्रतियोगिता के फाइनल में सीहोर बाइज-सीहोर क्लब के मध्य खेला जाएगा।

## उचित मुआवजा व पुनर्स्थापन की मांग को लेकर जयस का धरना जारी

### कांग्रेस नेता राजकुमार पटेल ने धरना स्थल पहुंचकर आदिवासियों को दिया समर्थन

**बुधनी।** बुधनी–संदलपुर नेशनल हाईवे के भूमि अधिग्रहण के विरोध में आदिवासी संगठन जयस के नेतृत्व में प्रभावित आदिवासी परिवारों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष धरना स्थल पर डटे हुए हैं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि भूमि अधिग्रहण के बदले उन्हें उचित मुआवजा तथा स्थायी पुनर्स्थापन की व्यवस्था की जाए।





धरने पर बैठे आदिवासियों का कहना है कि नेशनल हाईवे निर्माण के लिए उनकी कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र अधिग्रहित किए जा रहे हैं, लेकिन मुआवजे की राशि और पुनर्स्थापन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है। इससे प्रभावित परिवारों के समक्ष आजीविका और आवास का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है आदिवासियों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों से धरना जारी रहने के बावजूद सरकार और प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली है। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल धरना स्थल पर पहुंचे और आदिवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर आदिवासियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए उन्होंने भरोसा दिलाया कि आदिवासियों की जायज मांगों को सरकार और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा तथा इस संघर्ष में वे कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टर और एसडीएम से समस्या को लेकर बात की अधिकारियों ने गुरुवार को आंदोलनकारीयों से चर्चा करने की बात कही हैइस अवसर पर बुधनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत सहित कांग्रेस नेता राजेंद्र यादव,तारिक पटेल, छगन दुबे,सौरभ दुबे, भूपेंद्र निमोदा,अजय यादव, प्रमोद चौहान,कपिल मल्होत्रा,गिरीश पांडे, हरदयाल मालवीय, हरीश मालवीय,सुधीर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और धरना दे रहे आदिवासियों को अपना समर्थन दिया। जयस संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उचित मुआवजा और पुनर्स्थापन की ठोस घोषणा नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

## मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपी को एक मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में हो रही चोरियों की पतारसी एवं बरामदगी हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्रीमती सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए एक मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 चोरी की मोटर साइकिल जप्त की गई।

विगत दिनांक को फरियादी साजन नागर पिता रामाधार नागर, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम बांया, थाना रेहटी, जिला सीहोर द्वारा थाना उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 23.11.2025 को उन्होंने रात को अपनी मोटर साइकिल घर के सामने खड़ी की , सुबह देखा कि मोटर साइकिल मौके पर मौजूद नहीं थी।

चोरी गई मोटर साइकिल रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP04 ZJ 2439, काले रंग की रॉयल एनफील्ड 350 बुलेट, मॉडल वर्ष 2023 था । आसपास काफी तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना रेहटी ने पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान आरोपी दीपक वर्मा उर्फ दीपू, निवासी ग्राम नहरकोला कला, थाना सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम, हाल निवासी स्टेट बैंक कॉलोनी, सिवनी मालवा से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना दिनांक को ग्राम बांया से मोटर साइकिल चोरी कर ग्राम आंवलीघाट में छुपाकर रखना स्वीकार किया गया।

आरोपी की निशादेही पर ग्राम आंवलीघाट से चोरी गई मोटर साइकिल क्रमांक MP04 ZJ 2439, काले रंग की रॉयल एनफील्ड 350 बुलेट, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख रुपये है, जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## कलेक्टर ने की कृषि, उद्यानिकी व पशुपालन विभाग की योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि, पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की गहन समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बीज रजिस्ट्रेशन एवं उसके भुगतान की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने नरवाई प्रबंधन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने, वैकल्पिक प्रबंधन उपायों को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। सिंचाई व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और मूंग फसल के लंबित भुगतानों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरक-बीज की उपलब्धता, फसल विविधीकरण और किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के भी निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने पोली हाउस एवं संरक्षित खेती से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि इनसे किसानों की आय बढ़ाने के ठोस प्रयास किए जाएं।

उन्होंने मसाला उद्योग, सब्जी एवं फूलों की खेती को जिले में रोजगार एवं आय के नए अवसरों से जोड़ने पर बल दिया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यानिकी आधारित गतिविधियों, प्रसंस्करण एवं विपणन से जोड़ा जाए तथा उन्हें ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंकों के साथ समन्वय किया जाए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पशुपालकों के लिए निर्धारित ऋण लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने, डेयरी एवं पशुधन विकास योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशालाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उनके समुचित संचालन, चारा-पानी की उपलब्धता, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही पशुपालकों को स्वरोजगार से जोड़ने, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशु बीमा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए।

### शिक्षा, संस्कार और संवेदना की पाठशाला बना सांदीपनि विद्यालय, नया सीख रहे विद्यार्थी

# सीएम राइज चयन के बाद बदल गई तस्वीर, शिक्षकों-समाज के साझा प्रयास से रच रहा अनुकरणीय मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आज़ादी के बाद से ही उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहचान बना सांदीपनि विद्यालय, भैरूंदा अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संस्कार, संवेदना और मानवीय मूल्यों के सशक्त केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है। सीएम राइज विद्यालय के रूप में चयन के बाद यहां शैक्षणिक व्यवस्था में व्यापक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं, जिनका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है।

### 48 जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षकों ने पहनाए स्वेटर

ठंड से बचाव के लिए विद्यालय के शिक्षकों ने आपसी सहयोग और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 48 जरूरतमंद व वंचित विद्यार्थियों को स्वेटर क्रय कर प्रदान किए। यह पहल पूरी तरह शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से संभव हो सकी, जिसने विद्यालय को सामाजिक सरोकारों की मिसाल बना दिया।





**स्मार्ट क्लास की पहल, पूर्व मुख्यमंत्री ने किया था लोकार्पण :** इससे पूर्व भी विद्यालय स्टाफ ने लगभग दो लाख रुपये की राशि एकत्र कर 11 कक्षाओं में एंड्रॉयड टीवी स्थापित किए थे, जिससे स्मार्ट क्लास की शुरुआत हुई। इस नवाचार से प्रभावित होकर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं विद्यालय पहुंचे थे और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया था।

**समाज का भरोसा बढ़ा, दानदाताओं का मिला सहयोग :** विद्यालय की इन पहलों से समाज में विश्वास का माहौल बना। परिणामस्वरूप, आम नागरिक और दानदाता भी आगे आए। एक स्थानीय व्यवसायी द्वारा विद्यार्थियों को करीब 25 हजार रुपये की स्टेशनरी सामग्री दान की गई। केजी-2 की शिक्षिका वर्षा तराम ने बताया कि नगर की एक गृहिणी ने उनकी कक्षा को गोद लिया है। वह अपने जन्मदिन सहित अन्य अवसरों पर बच्चों को उपयोगी शैक्षणिक सामग्री भेंट करने का संकल्प ले चुकी हैं। पीटीआई सचिन त्रिवेदी के अनुसार, इससे पहले दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 20 स्वेटर प्रदान किए गए थे, जबकि एक अन्य दानदाता ने 40 विद्यार्थियों को स्कूल शूज़ उपलब्ध कराए।

**सीएसआर के जरिए संसाधन जुटाने की कोशिश :** प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने बताया कि विद्यालय छात्रहित में समाज और समुदाय के सहयोग से निरंतर अनुदान जुटाने के प्रयास कर रहा है। विभिन्न कंपनियों को सीएसआर (CSR) के तहत प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। कृषि संकाय की प्रयोगशाला के लिए अब तक 25 लाख रुपये से अधिक के प्रस्ताव कंपनियों को भेजे जा चुके हैं, जिन्हें भारत सरकार के विद्यांजलि पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है।

### विद्यांजलि 2.0 से पारदर्शी सहयोग

मीडिया प्रभारी सतीश दुबे ने बताया कि विद्यालय अपनी आवश्यकताओं को विद्यांजलि 2.0 पोर्टल पर अपलोड करता है। इस मंच के माध्यम से कोई भी नागरिक, पूर्व छात्र, समाजसेवी, संस्था या कॉर्पोरेट कंपनी देश के किसी भी सरकारी विद्यालय की जरूरतें देख सकती है और पंजीकरण कर ऑनलाइन या ऑफलाइन सहयोग दे सकती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और विद्यालय–समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित करती है।

### सरकार का बोझ कम, समाज की भागीदारी मजबूत

सांदीपनि विद्यालय की यह पहल न केवल छात्रहित में एक सशक्त उदाहरण है, बल्कि यह सरकार का बोझ कम करते हुए समाज, समुदाय और संस्थाओं की साझा भागीदारी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रभावी मॉडल भी प्रस्तुत करती है—जो प्रदेश के अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा बन सकता है।

## मीना समाज सेवा संगठन की बैठक का आयोजन

**सीहोर।** सीहोर जिला मुख्यालय के ग्राम झरखेडा स्थित श्याम जी की कुटिया पर मीणा समाज सेवा संगठन की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं मीनेष भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामनिवास रावत, मानसिंह रावत, महेंद्र सिंह मीणा, पूर्व एसडीओपी भगवान सिंह मीणा भोपाल का मीना समाज सेवा संगठन जिला अध्यक्ष घनश्याम पटेल एवं युवा अध्यक्ष विष्णु मीणा ने अतिथियों का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। रामनिवास रावत ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी स्वजातीय बन्धुओं को एक जुट होने की अत्यंत अवश्यकता है, हम सब संगठित रहेगें तो ही समाज का उत्थान हो सकेगा। घनश्याम पटेल ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना होगा और शादियों में डीजे शराब और नुक्ता प्रथा को बंद करने का भी आह्वान किया। विष्णु मीणा ने सभी युवाओं से नशे से दूर रहने, संगठित रहने की बात कही।

रामनिवास रावत ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आगामी दिनांक 4 जनवरी 2026 को भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थि होवें। बैठक में प्रमुख रूप से

युवा प्रदेशाध्यक्ष योगेश पटेल, महामंत्री अमरसिंह, सन्तोष मीणा, मानसिहँ रावत, लीलेन्द्र मारण, महेन्द्र सिंह मीणा, पुरुषोत्त मीणा, प्रेमकिशोर मीणा, ब्रजकिशोर मीणा, रेखा पचवारिया, राजेश मीणा, रमेश मीणा, सरपंच रमेश मीणा, पूर्व सरपंच, पर्वत सिंह मीना, जनपद सदस्य राकेश मीना, विजय मीणा, परमानन्द मीना, मोहन सिंह, सुनील मीना, रामकृष्ण, श्याम मीना, मुरारी लाल, लखनलाल, रबिंद्र मीना, दिपक मीना, समाज के वरिष्ठ नारायण सिंह, परमानन्द, गंगाराम, भैया लाल मीणा आदि उपस्थित रहे।

### जिला पुलिस की गठित 7 विशेष टीमों ने जंगलों में घेरकर 3 आरोपी दबोचे

# खुलासाः पारदी गैंग ने राजगढ़ के सर्राफा बाजार में मचाई थी दहशत

## गिरफ्तार आरोपियों के लिए न्यायालय से मांगी गई पुलिस रिमांड
## एसपी बोले-अन्य आरोपी भी जल्द होंगे सलाखों के पीछे





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विगत दिनों राजगढ़ मुख्यालय के किला क्षेत्र स्थित सर्राफा बाजार में 12 से 15 हथियारबंद बदमाशों ने काफी समय तक दहशत मचाते हुए तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया था। यह हथियारबंद बदमाश अलग-अलग सरार्फा व्यापारियों के यहां से करीब 14 लाख रुपए से अधिक का माल लूटकर ले गए थे।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में गठित पांच विशेष टीमों में शामिल 75 से अधिक पुलिसकर्मियों ने दहशत की इस वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गुना जिले के जंगलों में पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पारदी गैंग से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने पूरे गुना, अशोकनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत मचाई हुई है। फिलहाल जो तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं उनमें गैंग का मुखिया भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट और चोरी का कुछ सामान सहित बाईकें बरामद कर ली हैं। अब पकड़े गए आरोपियों के लिए न्यायालय से पीआर मांगी जा रही है ताकि अन्य दहशतगर्दों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### गैंग के मुख्य सरगना पर अनेकों अपराध पूर्व से दर्ज

एसपी तोलानी ने बताया कि पारदी गिरोह के जिन बदमाशों ने राजगढ़ में इस वारदात को अंजाम दिया उनके सरगना जीवा पिता रोवा पारदी निवासी ग्राम कनारारी थाना धरनावदा जिला गुना पर दजर्नों अपराध दर्ज हैं। इसके साथ ही गिरफ्तार अन्य दो आरोपियों में गिरिराज पिता जगदीश पारदी निवासी ग्राम बीलाखेड़ी थाना धरनावदा जिला गुना एवं छोटू पिता छैला पारदली निवासी गुना शामिल हैं।

### अन्य आरोपियों को पकड़ने न्यायालय से मांगी पीआर

राजगढ़ में हुई लूट व डकैती की इस वारदात को 12 से 15 बदमाशों ने अंजाम दिया था। अब पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को पकड़ा है उनके लिए न्यायालय से आठ दिवस की पीआर(पुलिस रिमांड) मांगी गई है ताकि शेष आरोपियों को जल्द दबोचा जा सके। आरोपियों के पास से 01 भरमार बंदूक, 115 टोपी भरमार बंदूक, 15 जिंदा कारतूस, छह मोटर साइकिल, लूट में प्रयुक्त अन्य सामग्री सहित 2 लाख 50 हजार का माल अब तक जब्त किया जा चुका है। पुलिस को मिली इस सफलता में गुना जिले की पुलिस टीम का भी अहम योगदान रहा है।

**गुना के जंगलों में पकड़ाए आरोपी**

- पुलिस टीमों ने बिना रोशनी के जंगल में मूवमेंट किया।
- अलग-अलग दिशाओं से घेराबंदी की गई।
- जंगल के भीतर आरोपियों ने सूअर का मांस भी पकाकर खाया।
- चैतरफा घेराबंदी के बाद 3 गिरफ्तार बाकी फरार

### मध्यरात्रि किला क्षेत्र में पहुंचे थे ये हथियारबंद बदमाश

24-25 दिसंबर की मध्यरात्रि राजगढ़ नगर के किला क्षेत्र में सराफा व्यापारी राजू सरार्फ के यहां सबसे पहले वारदात को अंजाम दिया गया। यहां बदमाशों उनकी दुकान का शटर उचकाकर करीब 10 के लगभग नकदी एवं ज्वेलरी पर हाथ साफ किया था। इसी मकान में सचिन सोनी की दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखी गुल्लक निकालकर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपए व ज्वेलरी पर भी बदमाश लूट ले गए थे। 15 से अधिक की संख्या में आए इन बदमाशों ने समीप के मुकेश सोनी की दुकान पर भी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया था लेकिन सफल नहीं हो पाए थे।

---

**विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही हुई थी मौत**

## बंदर की अंत्येष्टि करके जीवों पर दया करने का दिया संदेश



**ब्यावरा।** नगर में मंगलवार को राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारे के सामने एक बंदर की 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब बंदर बिजली के खंभे पर चढ़ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खंभे पर चढ़ते समय बंदर अचानक विद्युत तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लगा। स्थानीय रहवासियों ने तुरंत बंदर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज करंट और ऊंचाई के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना के बाद बंदर का एक साथी खंभे से नीचे उतर आया, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नागरिक मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने इस घटना को दुखद बताते हुए विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने बंदर को भगवान श्री हनुमान जी का स्वरूप मानते हुए उसे पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ अंतिम विदाई देने का निर्णय लिया। इसके बाद बंदर को पुष्पमालाओं से सजाया गया और एक भव्य शवयात्रा निकाली गई। यह शवयात्रा राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारे के सामने से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई ब्यावरा के मुक्तिधाम पहुंची।

यात्रा के दौरान श्राम नाम सत्य है और जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे। मुक्तिधाम पहुंचने पर विधिवत हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार बंदर का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से रामधुन का जाप किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने भगवान श्रीरामचंद्र जी से प्रार्थना की कि वे अपने परम भक्त श्री हनुमान जी के रूप में बंदर को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने इस घटना को मानवता और जीवों के प्रति करुणा का एक उदाहरण बताया। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, विनोद जाट, हिमांशु सोनी, नीरज शर्मा, लोकेंद्र परमार, सुनील धाकड़, पप्पू धनगर सहित कई लोग मौजूद रहे।

---

## नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्संग के दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई

**नरसिंहगढ़।** तहसील न्यायालय नरसिंहगढ में पदस्थ द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, नरसिंहगढ़ ने अपने न्यायालय के सत्र प्रकरण क्रमांक 183/2021 धारा 376, 376(2) एन, 506 भादवि एवं 5/6 पाक्सो एक्ट में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता का घटना के एक वर्ष पूर्व जब वह स्कूल जाती थी तब उसकी पहचान अभियुक्त से हुई थी। उसी दौरान वह आरोपी पीड़िता का मोबाईल नंबर ले लिया था। इसी दौरान मोबाइल से बातचीत कर पीड़िता को बहला फुसलाकर जब अभियुक्त के घर पर कोई नहीं होता था तब अभियुक्त ने पीड़िता को घर पर बुलाकर उसके मर्जी के विरूद्ध उसके साथ गलत काम (बलात्कार) किया था न्यायालय ने अपराध को गंभीर घटना मानते हुए अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में पैरवी मनोज मिंज एडीपीओ नरसिंहगढ़ द्वारा की गई।

---

### उल्टी-दस्त से पीड़ित हुए 12 लोगों को खिलचीपुर अस्पताल में किया गया भर्ती

## प्रसादी से कई लोग बीमार, फूड पॉइजनिंग की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के गादिया लुहार गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम की प्रसादी ग्रहण करने से आसपास के तीन-चार गांवों के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई जिनमें से 12 बीमारों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जानकारी के अनुसार कथा आयोजन में लोगों ने प्रसादी गृहण की थी। इसके उपरान्त कईं बच्चों व लोगों को पेट में दर्द, दस्त, जलन व अन्य शारीरिक तकलीफें शुरू हो गईं। सोमवार रात्रि 12 लोगों को खिलीचपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। हालांकि, फिलहाल सभी की हालत सामान्य है। अस्पताल में भर्ती लोगों ने बताया कि प्रसादी गृहण करने के बाद उन्हें पेट में जलन, दस्त जैसी तकलीफ शुरू हो गईं। सोमवार रात्रि को नेगड़ियां गांव के कुछ युवकों और बच्चों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनमें सोनू तंवर, उर्मिला तंवर, दुलीचंद तंवर, राकेश तंवर, बलवंत तंवर, लखन तंवर, बबलू तंवर, हरिसिंह तंवर, रामबाबु तंवर और निलेश तंवर शामिल हैं। सभी का इलाज अस्पताल में किया गया। नेगडिया निवासी दुलीचंद तंवर ने बताया कि भोजन करने के बाद गांव में 20 से 25 लोग बीमार हुए हैं जिनमें से 12 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### फूड पॉइजनिंग की आशंका

खिलचीपुर अस्पताल में पदस्थ डॉ. विशाल सिसोदिया ने बताया कि रात्रि में 12 मरीजों को अस्पताल लाया गया जिन्हें दस्त, पेट में जलन जैसी तकलीफ थीं। प्राथमिक उपचार उपरान्त सभी की हालात फिलहाल सामान्य है। उन्होंने बताया कि आसपास के अन्य गांवों के लोगों के संबंध में भी इसी तरह की बात मालूम हुई है।

---

**कलेक्टर ने संवाद से समाधान कार्यक्रम में लापरवाह अधिकारियों पर की कार्रवाई**

## सीएमओ को नोटिस, एक की वेतनवृद्धि रोकी, कंप्यूटर ऑपरेटर का काटा वेतन



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने हर मंगलवार 'संवाद से समाधान' जैसा अभिनव कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत आमजनों की समस्याओं को लेकर संबंधित शिकायतकर्ता और विभाग प्रमुख को आमने-सामने बैठाकर मामलों का निपटारा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाती है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में शिकायतकर्ता नाथूलाल जाटव द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय बद्रीलाल जाटव की मृत्यु 24 फरवरी 2025 को हुई थी। 2 मार्च को अंत्येष्टि सहायता हेतु नगर परिषद पचोर में आवेदन दिया था। लेकिन आज दिनांक तक अंत्येष्टि सहायता राशि नहीं मिली। कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ पचोर को कारण बताओ नोटिस, शाखा प्रभारी मांगीलाल गुर्जर की एक वेतन वृद्धि रोकने व कम्प्यूटर आपरेटर का सात दिवस का वेतन काटने के तल्ख निर्देश प्रदान किए।

इसी तरह शिकायतकर्ता गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि आवेदक रमेश परमार की सामान्य मृत्यु पर संबल योजना के तहत मिलने वाला लाभ आज तक नहीं मिला है। कलेक्टर ने शिकायत पर सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही कर हितग्राही को 07 दिवस में भुगतान करवाएं।

### हितग्राहियों को त्वरित भुगतान के निर्देश

शिकायतकर्ता रेखा गुजराती ने बताया कि गीताबाई के बालक अम्बाराम बागरी की मृत्यु 14 जनवरी 2023 को सड़क हादसे में हुई थी। उन्हें भी संबल योजना का लाभ नहीं मिला है। शिकायत की जांच में सीईओ जनपद सारंगपुर द्वारा बताया गया कि हितग्राही की राशि स्वीकृत हो गई हैं। तकनीकि कारण से ईपीओ फेल होने से भुगतान न हो सका। कलेक्टर ने सात दिवस में भुगतान कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य दो शिकायतों के मामलों को भी कलेक्टर ने मौके पर ही निपटवाकर संबंधितों को त्वरित भुगतान करवाने के आदेश प्रदान किए।

---

## दो अलग-अलग मामलों में सारंगपुर थाने पर दुष्कर्म के प्रकरण दर्ज

**एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी**

**सारंगपुर।** नगर के पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पीड़ति महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध बलात्कार सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किए हैं। एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे मामले में आरोपी की तलाश लगातार जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में मुकेरवाड़ी निवासी सलीम पिता अब्दुल समद उम्र 45 वर्ष के विरुद्ध एक ही समुदाय की महिला ने थाना सारंगपुर में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के बयान के अनुसार आरोपी सलीम ने महिला के साथ दुष्कर्म किया तथा इस दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी द्वारा उक्त वीडियो को वायरल कर महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सलीम को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है तथा इस मामले में और भी आरोपियों की भूमिका सामने आने की संभावना है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है तथा जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। दोनों मामलों ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस द्वारा पीड़ति महिलाओं को हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है तथा मामलों की निष्पक्ष जांच की जा रही है।



---

## पेंशनर्स का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**जीरापुर।** पेंशनर संघ के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिवीर आयोजित किया गया। तहसील कार्यालय के पास स्थित पेंशनर भवन में मंगलवार को जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ के निर्देशन में पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर डॉक्टर अतुल प्रजापति आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डा. संजय दांगी सामुदायिक आयुर्वेदिक चिकित्सक, रामलाल वर्मा ,नानुराम मालवीय कम्पाउन्डर , दिनेश शर्मा होम्योपैथिक कम्पाउन्डर सहित टीम द्वारा निशुल्क परीक्षण एवं निशुल्क औषधि वितरण की गई। जहां पर 86 पेंशनरों को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत औषधि वितरण की गई। पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने आगुंतक पेंशनरों एवं अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि पेंशनर संघ भवन में विधायक हजारीलाल दांगी , सहित पेंशनर बंधुओं ने पंखे , पलंग , कुर्सीयां , पानी की टंकी , पानी की मोटर आदि का सहयोग प्रदान किया जिससे पेंशनर यहां बैठकर संगठन की अपनी गतिविधियों की चर्चा कर सकें।

---

### 51 किलो फूलों से सजा दरबार

## खाटू श्याम मंदिर पर एकादशी पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया



**ब्यावरा।** नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को पौष पुत्रदा एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने व्यापक और सुव्यवस्थित तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया। फूलों से सजे बाबा के अलौकिक स्वरूप ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। ब्यावरा नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों, कस्बों और जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण और बाहर के मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। इस अवसर पर कई गांवों से भव्य निशान यात्राएं निकाली गईं।

ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में निशान अर्पित किए। शहर की पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली विशाल निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

### राजस्व जमीन पर कब्जा जमाने विद्याधाम कॉलोनी ने 50 मीटर में दिए 3 इंट्रेस गेट

# रेसीडेंसियल कॉलोनी में बना कॉमर्शियल कॉप्लेक्स

**- नगर पंचायत में भी जमा नहीं की विकास शुल्क, नियमों की उड़ा दी धज्जियां**
**- प्रशासनिक जुर्माने के बाद भी राजस्व की जमीन पर कर रखा है अतिक्रमण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी बनाने के साथ साथ कॉमर्शियल कॉम्लेक्स बनाने के चलते जहां मालचपुर प्रशासन ने जुर्माना लगाया था फिर भी कॉलोनाइजर द्वारा लगातार कार्य जारी है। माचलपुर - बकानी को जोडने वाले स्टेट हाइवे नंबर 51 पर रकबा नंबर 1239 पर स्थित विद्याधाम कॉलोनी ने सारे नियमों को ताख पर रखकर निर्माण कार्य जारी रखा हुआ है। हालात यह है कि 50 मीटर के अंदर ही एक ही तरफ से 3 इंटरेंस गेट दिए गए है जिसकी मुख्य बजह राजस्व की सरकारी जमीन पर कब्जा करना बताया जा रहा है।

करोड़ों की वेशकीमती राजस्व जमीन पर भू-माफिया की निगाह है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकारी जमीन पर सीमेट के पिलर की बाउंड्री करवा दी है जिससे वह सरकारी जमीन का उपयोग कॉलोनी के फायदे की लिए कर सके। प्रशासन की आखों के नीचे इस तरह से एक भू माफिया अपनी मनमानी कर सरकारी जमीन का उपयोग अपने फायदे के लिए कर रहा है और अधिकारियों ने ऑखें मूंद ली हैं। माचलपुर जैसे छोटे से शहर में करोडो की जमीन पर माफियाओं द्वारा अतिक्रमण को अधिकारियों और पटवारी द्वारा नजरअंदाज को क्या समझा जाए। इस बारे में जब टीएनसीपी भोपाल बात करने पर अधिकारी डोगने ने बताया कि यह देखना पडेंगा की माचलपुर में कोई अधिकृत कॉलोनी है या नहीं इसके लिए मुझे आप थोडा समय दीजिए।

### नगर पंचायत में विकास शुल्क भी नहीं किया जमा

रेरा व टीएनसीपी का राग अलापने वाले विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा गलत जानकारी दी जा रही है इसकी पुष्टि नगरपंचायत ने कर दी । नगर पंचायत ने आधीकारिक जानकारी देते हुए बताया कि विद्याधाम कॉलोनी ने कोई विकास शुल्क जमा नहीं की है फिर किस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जल्दी ही नगरपंचायत भी इन अवैध कौलोनियों को नोटिस जारी करने वाली है।

### दुकानों की कीमत बढ़ाने राजस्व की जमीन पर किया कब्जा!

शासकीय जमीन पर विद्याधाम कॉलोनी के सत्यनारायण रामगोपाल मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी में निर्मित दुकानों के सामने अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है जिस पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अर्थ दंड की कार्यवाही कर बेदखली की कार्रवाई भी की थी। उसके बाद भी अतिक्रमणकारी कॉलोनाइजर रामगोपाल सत्यनारायण मोदी ने पूर्ण रूप से अपना अतिक्रमण नही हटाया है जिससे यह साफ जाहिर होता है अतिक्रमणधारी इस बेशकीमती शासकीय जमीन से अपना अतिक्रमण नही हटाना चाहता है। जिससे यह साफ जाहिर होता है की कालोनी में बनी दुकानों के मुख्य मार्ग पर कनेक्ट होने पर उनकी दुकानों की कीमत कई गुना बढ़ जावेगी । जिम्मेदार अधिकारी का इस और ध्यान ना देना अनेक तरह की शंका को जन्मदेता है।

### 50 मीटर में 3 प्रवेश द्वार क्यों ?

विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्धारा अपने फायदे के लिए सारे नियमों को ताख पर रखकर 50 मीटर के अंदर ही एक ही तरफ से 3 प्रवेश द्धार दिए गए है जिससे राजस्व की बेशकीमती भूमि को दबाया जा सके और कॉमर्शियल कॉप्लेक्स बनाकर भी मोटी रकम वूसल सकें। इस बारे में जब उनसे बात की गई तो वह सारी अनुमतियां होने का दावा करते नजर आए अब देखना यह है कि टीएनसीपी से कब हुई और कौन सा नक्शा पास किया गया इसकी रिपोर्ट भी जल्दी ही प्रकाशित की जाएगी।

**इनका कहना है...**

हमने पूर्व में भी कार्रवाई की है और यदि फिर अतिक्रमण किया तो आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

भेरूलाल दांगी, पटवारी माचलपुर

## खबर संक्षेप

### गांव मेहतवाड़ा में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया



**जावर।** जैसा की अयोध्या में 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान राम अपने प्रथम तल में विराजे थे तिथि अनुसार वह शुभ अवसर एवं शुभ तिथि है पौष शुक्ल प्रदोष प्रतिष्ठा द्वादशी है प्रभात फेरी द्वारा भगवान का उत्सव पूरे नगर में भजन रामधन प्रसाद वितरण भक्तगणों का स्वागत अनेक कार्य प्रातः 5:00 बजे से प्रारंभ हो गए। श्री राम मंदिर निर्माण से पूर्व से चली आ रही प्रभात फेरी जो शपथ चली आ रही है की बेला और उसमें भगवान राम के भजन गाते हुए जो प्रभात फेरी चल रही है शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे नगर में प्रत्येक मंदिर में धूप बत्ती एवं भजन गाते हुए निकाली जाती है। विशेष कर त्योहारों के समय पर प्रभात फेरी में संख्या सैकड़ो में पहुंच जाती है , प्रभात फेरी के समापन पर आने वाले समय में होने वाले हिंदू सम्मेलन की जानकारी सभी को दी गई एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सोयाबीन का मॉडल रेट 4345 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट प्रतिदिन जारी किया जा रहा है। बुधवार 31 दिसंबर को 4345 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट किसानों के लिए है।

### बागेर, अरनियाराम, छापर, रोलागांव में विद्यार्थियों को मिली निशुल्क साइकिल

# नई साइकिल मिलने से बेटियों को सपने साकार करने में मिलेगी गतिः विधायक

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की इस योजना से बेटियों को नई रफ्तार ओर नये सपनों की नयी उड़ान भरने का सुअवसर मिला है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ग्राम से दूसरे ग्राम जाने वाली बालिकाएं-बालक पहले अपने ग्राम में जिस कक्षा तक के स्कूल होते थे वहां तक पढ़ाई करने के बाद शिक्षा को विराम लग जाता था। इसके कारण बालिकाएं आगे नही पढ़ पाती थी और ना ही वे आगे बढ़ पाती थी । हमारी डबल इंजन की सरकार ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये निशुल्क साइकिल वितरण योजना लागू कर एक ग्राम से दूसरे ग्राम पढ़ने जाने वाले पात्र विद्यार्थियों को सायकलों का वितरण किया।

इसका सबसे अधिक लाभ बालिकाओं को हुआ है,बालिका शिक्षा का प्रतिशत ओर स्तर बढ़ा है। उक्त उद्गार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बागेर, अरनियाराम, छापर, रोलागांवके स्कूलो में विद्यार्थियों को निशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की इस योजना से बेटियों को नई रफ्तार ओर नये सपनों की नयी उड़ान भरने का सुअवसर मिला है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में बेटे-बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में एक और सशक्त ओर बड़ा कदम है। आष्टा विधानसभा के शासकीय हाई स्कूल,हायर सेकेंड्री, मिडिल स्कूलों के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई, जिससे अब खास कर बेटियों के लिए स्कूल आना पहले से और भी सुगम व आसान होगा। उनके लिये उच्च शिक्षा की राह ओर आसान होगी । विधायक ने कहा की एक समय पहले एक गांव से दूसरे ग्राम जाने के बालिकाओं के लिये कोई साधन नही होने के कारण वे अपने ग्राम के स्कूल में ही पढ़ाई कर पाती थी,उच्च पढ़ाई के लिये दूसरे ग्राम जाने के लिये साधन के अभाव में वे पढ़ाई में आगे नही जा पाती थी।

भाजपा की सरकार जब आई तब बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये, बालक भी ओर आगे पढे,सब आगे बढे के लिये सरकार ने निशुल्क सायकल वितरण योजना शुरू की। विधायक ने कहा की सरकार की इस योजना काका उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों को निःशुल्क साइकिलें दी जाती हैं । इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को प्राप्त होता है जिनके गांव में हाई स्कूल नहीं है या जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित स्कूल में पढ़ते आते हैं । इस योजना लाभ उन पात्र को मिलता है जोसरकारी स्कूलों में 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेते है । एवं जिन छात्रों के गांव में हाई स्कूल नहीं है और उन्हें दूसरे गांव में पढ़ने जाना पड़ता है । प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में निशुल्क साइकिल वितरण एक बड़ा सशक्त कदम है।

इस अवसर पर शिव पाटीदार मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, सरपंच धर्मेंद्र धनगर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र जैन, प्राचार्य महेश वर्मा, शिक्षक हरि सिंह पेरवाल, कैलाश चंद्र रैकवाल, गंगाराम मालवीय, भारत महेश्वरी, राकेश सोलंकी, अभय सिंह ठाकुर, तेज सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर, संतोष सोनी, सुनील कुमार, दरियाव सिंह व समस्त छात्र-छात्राएं व ग्राम वासी उपस्थित थे।

# खुलासाः ट्रक चालक ने ही अपने मालिक के कंटेनर से 14 लाख का माल किया था चोरी

### चोरी के आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

29 दिसंबर को फरियादी सुनील चौहान द्वारा थाना आष्टा उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अर्पित एक्सप्रेस ट्रांसपोर्ट में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। ट्रक कंटेनर 24 दिसंबर को सूरत (गुजरात) से 188 गठान कपड़ा व 21 कार्टन अगरबत्ती लेकर बिहार के लिए रवाना हुआ था। उक्त कंटेनर का चालक मंगलेश मालवीय था।

25 से 27 दिसंबर के मध्य कंटेनर से माल चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना आष्टा की विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म परीक्षण किया। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। संदेह के आधार पर चालक मंगलेश से पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान बार-बार अपने कथन बदलता रहा। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कंपनी से माल लोड कर बिहार के लिए रवाना होने के बाद 25 दिसंबर को कंटेनर को कटनेर दिलीप ढाबा पर खड़ा कर दिया था। इसके पश्चात उसने अपने साथी गुलाब, सचिन, अनिल, कपील व संदीप के साथ मिलकर कंटेनर में भरे माल को चोरी करने की योजना बनाई।

आरोपी द्वारा 27 दिसंबर को कोठरी के पास कंटेनर से माल चोरी कर उसे दूसरे आयसर वाहन में लोड कराया। तथा चोरी किया माल इन्द्रा कॉलोनी आष्टा स्थित एक दोस्त के घर छिपाया। पुलिस व ट्रक मालिक को भ्रमित करने के उद्देश्य से आरोपी एवं उसके साथियों द्वारा उक्त घटना को कंजर गिरोह द्वारा अंजाम दी गई चोरी के रूप में दर्शाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मंगलेश पिता लाडसिंह मालवीय, निवासी मानाखेड़ी आष्टा, गुलाब उर्फ भावसिंह पिता मानसिंह मेवाड़ा, निवासी उमरपुर, आष्टा अनिल पिता खुशीलाल खेलवाल, निवासी सेंधवखेड़ी, आष्टा, संदीप पिता बाबूलाल मालवीय, निवासी ग्राम उमरपुर आष्टा, कपील उर्फ कुलदीप पिता हुकुम सिंह पाल, निवासी टरोही बागरोद, थाना सिरोंज, जिला विदिशा, सचिन पिता दुर्गाप्रसाद कुशवाह, निवासी सेंधवखेड़ी आष्टा को गिरफ्तार कर 38 गठान कपड़ा व 3 कार्टन अगरबत्ती, अनुमानित कीमत 14 लाख रुपये घटना में प्रयुक्त आयसर वाहन अनुमानित कीमत 6 लाख रुपये, कुल 20 लाख का मशरूका जब्त किया। कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर, निरीक्षक गिरीश दुबे, प्र.आर. महेन्द्र मेवाड़ा, आर. शुभम मेवाड़ा, आर. मेहरवान, आर. अमन की भूमिका रही।

# भागवत कथा से दिया संदेशः नकली आकर्षण से सावधान रहें, सच्ची भक्ति ही जीवन का आधार है

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस का आयोजन आज भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भाव-विभोर होकर कथा श्रवण किया। कथा प्रवक्ता सुनीलकृष्ण व्यास (बेरछा वाले) ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन करते हुए पूतना प्रसंग पर गहन संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नकली चीज़ में आकर्षण अधिक होता है, लेकिन वह अंततः विनाश का कारण बनती है; सच्चाई और भक्ति ही शाश्वत सुख देती है। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने जीवन में दिखावे और छल से दूर रहने का संदेश दिया। पंचम दिवस में श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा तथा 56 भोग दर्शन का भावपूर्ण वर्णन किया गया। गोवर्धन पूजा के प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार के नाश और प्रकृति व कर्म के महत्व का सुंदर संदेश दिया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने गहरे भाव से आत्मसात किया। विशेष आकर्षण के रूप में कथा स्थल पर बाबा खाटू श्याम जी का भव्य दरबार सजाया गया। 56 भोग की आकर्षक सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अलौकिक झांकी का सुंदर एवं कलात्मक संयोजन सतीश गंगवाल द्वारा किया गया, जिसकी सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। पंचम दिवस की आरती एवं प्रसादी के यजमान राजेंद्र मंडोवरा, पंकज मंडोवरा एवं समस्त मंडोवरा परिवार रहे। यजमान परिवार द्वारा श्रद्धा भाव से आरती एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। पंचम दिवस की कथा ने श्रद्धालुओं को यह प्रेरणा दी कि जीवन में बाहरी आकर्षण नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति, सरलता और कर्म ही मनुष्य को ईश्वर के निकट ले जाते हैं। आज की कथा में तराना, शिप्रा, खारवा, बरसी, हाटपीपल्या आदि स्थानों के श्रद्धालु भी कथा श्रवण करने पधारे। श्रीमद् भागवत कथा में सभी नगर वासियों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी।

### डॉ. बीके चतुर्वेदी के सेवानिवृत होने पर साथियों और शहरवासियों ने रखा विदाई समारोह

**सीहोर।** शहर के जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर बीके चतुर्वेदी के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन किया गया। इस मौके पर शहरवासियों और जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर साथियों के अलावा समस्त कर्मचारियों द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विदाई समारोह के दौरान डॉ. चतुर्वेदी ने अपने निजी निवास पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान कहाकि जिला अस्पताल से सेवानिवृत्त हुआ हूं आप लोगो के मन से नही में जिला अस्पताल में पदस्थ रहा लेकिन आप सभी ने जो स्नेह दिया उसे में भूला नही सकता।

## जावर नगर में शांति मार्च एक ऐतिहासिक और अनूठा कार्यक्रमः शैलेष वैध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेष कुमार वैध के आह्वान किया कि 1 जनवरी 2026 दिन गुरुवार सुबह 11 बजे मुख्य बाज़ार गांधी चौक जावर पर शांति मार्च निकाला जाएगा। जिसमें सभी हिन्दू समाज के ज़िम्मेदार महानुभाव और सभी सम्मानित हिन्दू संगठनों को आमंत्रित किया गया है। सभी सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। तथा मुस्लिम समाज के सभी ज़िम्मेदार तथा उनके संगठन के सभी महानुभाव को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था संभालने वाले समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया। शांति मार्च का मुख्य उद्देश्य हमारी सभी की एकता व भाईचारा सम्पूर्ण जिले प्रदेश व देश में दिखाई दे। हमारी एकता और भाईचारा कई सदियों से है और सदियों तक रहेगा। पूर्व के घटनाक्रमों के उदाहरण देखे जाएं तो आम जनता के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी काफ़ी मानसिक बोझ झेलना पड़ा है। भारत देश का नागरिक होने के नाते हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि हम इस शांति और एकता को बनाए रखें। पूर्व अध्यक्ष वैद्य ने कहा कि हम सभी को भी एकता का परिचय देना होगा। यह कार्यक्रम हम सभी का है हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम ज्यादा से ज्यादा लोग गुरुवार 1 जनवरी को सुबह 11 बजे मुख्य बाजार गांधी चौक जावर पर पहुंचे, गांधी चौक से रेली प्रारंभ होकर मुख्य जुलूस मार्ग से होते हुए पुनः गांधी चौक पर समापन होगी। कृपया सभी यदि हो सके तो सफेद कपड़े पहनकर आने का कष्ट करें तो और भी अच्छा होगा क्यों की सफेद रंग शांति का प्रतीक होता है।

### कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों का आसरा बना नपा का रेन बसेरा

**सीहोर।** जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को तेज ठंड से बचाने के लिए नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ सुधीर कुमार और प्रभारी जागृति चौहान के निर्देश अनुसार आश्रय स्थल रेन बसेरा में सभी व्यवस्थाएं नपा के रेन बसेरा के व्यवस्थापक आशीष भावसार के साथ राहुल सोनी द्वारा की जा रही है।



### कॉलेज में प्रवेश के लिए किया जा रहा है प्रेरित

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग शासन के निर्देशानुसार सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा "कॉलेज चलो अभियान" का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। यह अभियान ई-प्रवेश सत्र 2026–27 के अंतर्गत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसरों, पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया तथा करियर संभावनाओं से अवगत कराने के लिए संचालित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व शर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत कॉलेज की टीम द्वारा स्कूलों का भ्रमण लगातार किया जा रहा है।

# मुनि विश्व सूर्यसागर बोले, जैसी संगति होगी वैसी परिणीति होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज एवं मुनि साध्य सागर मुनिराज के मंगल प्रवचनों में धर्म, ज्ञान और आत्मकल्याण पर गहन संदेश दिए गए। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने कहा कि जिनवाणी श्रवण का सौभाग्य दुर्लभ है। ज्ञान के बिना केवल्यज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं। आचार्य भगवंतों के अनुसार व्यक्ति जैसी संगति करता है, वैसी ही परिणति उसे मिलती है। मंदिर एक पाठशाला है, जहां धर्म का अभ्यास सिखाया जाता है, लेकिन धर्म केवल मंदिर तक सीमित नहीं—धर्म हर जगह किया जा सकता है। दोष दूसरों या परमात्मा में ढूंढने के बजाय अपनी परिणति सुधारनी चाहिए। आत्मशक्ति और दृढ़ संकल्प से व्यक्ति जैसा चाहे वैसा बन सकता है। चित्त को शुद्ध चिंतन में लगाकर, ज्ञान में निर्मलता लाने से ही परम आनंद की अनुभूति होती है। ज्ञान का विवेकपूर्ण उपयोग कर कर्मों की निर्जरा संभव है; पुण्य बढ़ाने पर बल देना चाहिए।

खोट व्यक्ति में है और दोष दूसरे को देते है। व्यक्ति के ऊपर है उसे कैसा बनना है ,लेकिन आत्मशक्ति एवं दृढ़ संकल्प मजबूत होना चाहिए।संबंध भावों के है,तत्व में नही तुम्हरी दृष्टि में दोष है। चित्त को चिंतन में लगाएं। ज्ञान में निर्मलता आते ही भगवान बन सकते हैं। ज्ञानी अपने ज्ञान का आनंद ले रहा है। विवेक पूर्वक ज्ञान का उपयोग करें। जिस ज्ञान से कर्म का आश्रव कर रहे हैं उसे ज्ञान से कर्मों की निर्जरा कर सकते हैं। भगवान के सामने हाथ नहीं पसारे ,अपने पुण्य को बढाए। विचारों में घृणा ,मलिनता है उन्हें निकालें।मुनि साध्य सागर मुनिराज ने कहा कि परमात्मा महावीर स्वामी के शासन में आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। गुरु जीवन को नई दिशा देते हैं और उनके सान्निध्य से अहंकार व व्यसन दूर होते हैं।मानतुंगाचार्य मुनि की संस्कार - संस्कृति के साथ हम सब लोग नए साल को मनाएंगे। नए वर्ष का शुभारंभ करेंगे कि हमारी समाज में देव,शास्त्र और गुरु की वाणी हमेशा खिरती रहे। हमें हमेशा सभी गुरु भक्तों को गुरुवाणी मुनियों से प्राप्त होती है ,क्योंकि ध्यान निर्मल करने के लिए गुरु सानिध्य अवश्य प्राप्त करें।प्रतिदिन का भाग्य है, अपना भाग्य सुधारने के लिए सुप्रभात स्त्रोत पढ़ते हैं। आप लोग भाग्य को दोष देते हैं, एक दिन के लिए भाग्य को दोष नहीं दें। रोज भाग्य का उदय करें।व्यक्ति विभाव को छोड़ने से होगा महान।

कषाय के भाव को छोड़ने से होगा भाग्य का उदय, असीमित होता है। इसलिए भगवान की शरण में एक ही भावना भाना चाहिए भगवान मे अपना भाग्य आपके दर्शन से बड़ा ही रहा हूं। जितने आपके भक्त हैं उन सब का भाग्य भी बढ़ना चाहिए। अभाव को भावों में देखें । आचार्य भगवंतों की महिमा अपार है; उनके गुणानुवाद से जीवन में यश और कीर्ति का सही मार्ग मिलता है। प्राचीन आचार्यों के नाम का स्मरण, मंत्र-जाप और गुणगान से संस्कार पुष्ट होते हैं। नए वर्ष का शुभारंभ देव, शास्त्र और गुरु की वाणी के प्रचार-प्रसार के संकल्प के साथ करने का आह्वान किया गया।प्रवचनों में कषायों (क्रोध, मान, माया, लोभ) के त्याग, भाग्योदय के लिए भाव-शुद्धि, तथा दृष्टिकोण सुधार पर विशेष जोर दिया गया।गुरु आपके जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। व्यक्ति के जीवन में गुरु आने से भीतर का गुरूर कम होता है। गुरु के जीवन में आने से जीवन को नई दिशा प्रदान होती है, जिनके जीवन में गुरु नहीं होता उनका जीवन मोक्ष मार्ग के लिए शुरू नहीं होता ।

### सावित्री देवी शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर गोशाला में सेवा और दान

# अपनों की याद में करना चाहिए गोसेवाः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्वर्गीय सावित्री देवी शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मां पार्वती धाम गोशाला में श्रद्धा एवं सेवा भाव से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके सुपुत्र ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, गोपाल शर्मा, उमेश शर्मा एवं समस्त शर्मा परिवारजन द्वारा विधिवत गो माता की पूजन-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान गौ माताओं को हरी सब्जी, सुदाना एवं पशु आहार खिलाया गया। साथ ही शर्मा परिवार द्वारा गोशाला का निरीक्षण कर गौ माताओं के आहार-भूसे, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, बीमार एवं एक्सीडेंटल गोवंश का प्रतिदिन पशु चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे उपचार तथा गोसेवकों की सेवाभावी भूमिका को देखा गया। सुव्यवस्थित एवं अनुकरणीय व्यवस्थाओं को देखकर शर्मा परिवार ने गौशाला समिति की मुक्त कंठ से सराहना की।इस अवसर पर शर्मा परिवार द्वारा मां पार्वती धाम गोशाला समिति को 2100 की दानराशि प्रदान की गई। गोशाला समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा (पूर्व पार्षद) ने देवतुल्य आत्मा स्वर्गीय सावित्री देवी शर्मा के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शर्मा परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया। गो माता की सेवा एवं दान के माध्यम से शर्मा परिवार ने स्वर्गीय सावित्री देवी शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि को पुण्यदायी रूप से मनाते हुए समाज को सेवा और संस्कार का संदेश दिया।